The Bassein Education Society's

ISAAC NEWTON GLOBAL SCHOOL

Ramedi Vasai (West), 401201

Date: 14th September 2023

Time: 8 am to 9:20 am

Venue: INGS Assembly area and Classroom

Conducted by: Hindi Team

आइजैक न्यूटन ग्लोबल स्कूल में हिन्दी दिवस के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया गया । सभा में हिन्दी दिवस का महत्व, हिन्दी दिवस पर आधारित गीत व सुविचार, रोचक तथ्य, समाचार आदि छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए । छात्रों के ज्ञान में वृद्धि को बढ़ावा देने तथा प्रभावी आत्म-अभिव्यक्ति में उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस पर अलग- अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इस दिवस के अवसर पर कक्षा १ से १० वीं के छात्रा – छात्राओं के लिए हिन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कक्षा १ से ४ थी तक के छात्रों के लिए हस्तलेखन प्रतियोगिता और कक्षा ५ वीं से १० वीं तक के छात्रों के लिए रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

कक्षा ५ वीं और ६ ठी के लिए कहानी लेखन प्रतियोगिता , कक्षा ७ वीं और ८ वीं के लिए कविता लेखन प्रतियोगिता और कक्षा ९ वीं और १० वीं के लिए नारे लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

इस प्रतियोगिता का उद्देश छात्रों में हिन्दी भाषा के प्रति रूचि निर्माण करना था ।